वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 3 अक्टूबर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

दैनिक जागरण

एक क्लिक पर विवि की हर सेवा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बदलेगा डिजिटल तंत्र

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को उच्च तकनीक से लैस बनाने की दिशा में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने डिजिटल व्यवस्था को नए सिरे से विकसित करने की तैयारी कर ली है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट को मजबूत करने के साथ सभी प्रमुख पोर्टलों को एकीकृत और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इसके लिए तकनीकी, नेटवर्किंग और डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जिम्मेदारियां संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सौंप दी गई हैं। पूरी व्यवस्था को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

नई व्यवस्था में विद्यार्थी को अलग-अलग वेबसाइट और पोर्टल पर जाकर सेवाएं तलाशने की जरूरत नहीं होगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट को एक केंद्रीय डिजिटल मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। पंजीकरण, प्रवेश, परीक्षा आवेदन, परीक्षा कार्यक्रम, परिणाम, अंकपत्र, उपाधि (डिग्री), प्रोविजनल प्रमाणपत्र और प्रव्रजन (माइग्रेशन) जैसी सुविधाओं को इसी व्यवस्था से जोड़ने की तैयारी है। विश्वविद्यालय



- पंजीकरण, प्रवेश, परीक्षा, परिणाम, उपाधि व प्रव्रजन के लिए नहीं भटकेंगे विद्यार्थी
- वेबसाइट और सभी पोर्टल होंगे मजबूत, होगी डिजिटल सेवाओं की निगरानी

की अधिसूचनाएं, महत्वपूर्ण सूचनाएं और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ी जानकारी भी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों की शिकायतों के लिए शिकायत निवारण पोर्टल को भी इसी व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। विश्वविद्यालय का अपना कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डिजिटल डैशबोर्ड भी विकसित किया जाएगा। इसमें विभिन्न डिजिटल सेवाओं और प्रक्रियाओं की स्थिति एक ही स्थान पर दिखाई देगी।

सामूहिक प्रयास से नई ऊंचाइयों को छुएगा पूर्विवि: प्रो. राकेश कुमार सिंह

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 39वां स्थापना दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री और विश्वविद्यालय के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पीके यादव ने स्वागत भाषण देते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का आनलाइन संदेश पढ़कर सुनाया।

> विश्वविद्यालय की वेबसाइट और पोर्टल को मजबूत करने के साथ डिजिटल सेवाओं को एकीकृत किया जा रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डैशबोर्ड से सेवाओं की निगरानी, लंबित कार्यों की जानकारी और उनके समयबद्ध निस्तारण को भी सरल बनाया जाएगा।
>
> **प्रो. राकेश कुमार सिंह**, कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय

अमर उजाला

JAY SHREE RAM

अमर उजाला जौनपुर युवा Youth

पूविवि : सेमेस्टर परीक्षा के लिए दस से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

गाजीपुर और जौनपुर जिले के तीन लाख विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए 10 अक्तूबर से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट सक्रिय कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध जौनपुर और गाजीपुर में 604 महाविद्यालयों की परीक्षा के लिए आवेदन प्राप्त करने की तैयारी चल रही है।

जौनपुर में 225, गाजीपुर के 379 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दस अक्तूबर से परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कराने के लिए सभी महाविद्यालयों को पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षा आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से लिया जाएगा।

परीक्षा आवेदन फॉर्म ऑनलाइन भरने और परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए शीघ्र ही प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सूत्रों की मानें तो परीक्षाएं नवंबर से कराने की तैयारी है।

महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर की सेमेस्टर परीक्षा के लिए समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा के आवेदन फॉर्म छात्र-छात्राओं को समर्थ आईडी के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर लिए जाएंगे।

उन्होंने कॉलेजों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे समय रहते सभी छात्र-छात्राओं के फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें। फॉर्म न भरने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेदार होंगे।

जौनपुर और गाजीपुर जिलों के संबद्ध कॉलेजों को परीक्षाओं की तैयारी तेज करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सत्र को नियमित रखा जा सके।

अमर उजाला

सामूहिक प्रयास से नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा विश्वविद्यालय : कुलपति

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 39 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को परिसर में समारोह पूर्वक मनाया गया। महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद यादव ने स्वागत किया और कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का संदेश पढ़कर सुनाया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा सामूहिक परिश्रम और सहयोग का परिणाम है।

शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मिलकर प्रयास करें तो विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शोध, नवाचार, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता बताया। विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक गतिविधियों को भी जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने गांधी और शास्त्री के आदर्शों को याद किया। अध्यक्षता कर रहे प्रो. मानस पांडेय ने विद्यार्थियों से अनुशासन, सेवा और राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रशासनिक अधिकारी राज नारायण सिंह की टीम ने रामधुन प्रस्तुत की। एनसीसी कैडेटों ने साइकिल यात्रा निकालकर स्वच्छता, स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया।

हिंदुस्तान

पीयू ने मनाया स्थापना दिवस

जौनपुर, संवाददाता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 39वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को परिसर में आयोजित किया गया। महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का ऑनलाइन प्राप्त संदेश प्रस्तुत किया। संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा सामूहिक परिश्रम, समर्पण एवं सहयोग का परिणाम है। सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को विकास और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। अध्यक्षता प्रो. मानस पांडेय ने की। एनसीसी कैडेट्स ने साइकिल यात्रा निकाली।

जनसंदेश टाइम्स

सामूहिक प्रयास से पीयू नई ऊंचाइयों पर पंहुचेगा

बोले: कुलपति

पीयू का 39वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 39वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का ऑनलाइन प्राप्त संदेश प्रस्तुत किया। कुलपति ने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा सामूहिक परिश्रम, समर्पण एवं सहयोग का परिणाम है। सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को विकास और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं सेवा तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को विश्वविद्यालय की प्राथमिकता बताया। कुलपति ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण से निर्वहन करें, तो विश्वविद्यालय की उपलब्धियां और अधिक गौरवपूर्ण होंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ खेल एवं शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाने तथा ज्ञान, संस्कार, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आचार्य प्रो. मानस पांडेय ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी राज नारायण सिंह एवं उनकी टीम द्वारा रामधुन प्रस्तुत की गई। एनसीसी कैडेट्स ने साइकिल यात्रा निकालकर स्वच्छता, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। अंत में मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जौनपुर धारा

सामूहिक प्रयास से पीयू नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा: कुलपति

पीयू का 39वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

जौनपुर धारा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 39वां स्थापना दिवस शुक्रवार को परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का ऑनलाइन प्राप्त संदेश प्रस्तुत किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक परिश्रम और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ आगे बढ़कर विश्वविद्यालय को विकास



और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सेवा तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कुलपति ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को विश्वविद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल बताया। उन्होंने शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने की अपील की। कुलपति ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक गतिविधियों को भी जीवन का हिस्सा बनाने तथा ज्ञान, संस्कार, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने गांधी और शास्त्री के जीवन आदर्शों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आचार्य प्रो. मानस पांडेय ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी राज नारायण सिंह और उनकी टीम ने रामधुन प्रस्तुत की। एनसीसी कैडेट्स ने साइकिल यात्रा निकालकर स्वच्छता, अनुशासन, स्वास्थ्य और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। अंत में मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने आभार जताया। समारोह में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

लोकभारती

हर्षोल्लास से मनाया विवि का स्थापना दिवस



लोकभारती न्यूज ब्यूरो

जौनपुर । पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 39वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह जी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का ऑनलाइन प्राप्त संदेश प्रस्तुत किया। कुलपति ने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा सामूहिक परिश्रम, समर्पण एवं सहयोग का परिणाम है। सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को विकास और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को विश्वविद्यालय की प्राथमिकता बताया।कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आचार्य प्रो. मानस पांडेय ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

पब्लिक की लहर

पीयू में गांधी-शास्त्री जयंती व स्थापना दिवस पर साइकिल रैली, स्वच्छता का संदेश



पब्लिक की लहर

जौनपुर। महात्मा गांधी जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (छब्ब) के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो प्रमोद कुमार यादवा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि "महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्श हमें सादगी, सत्यनिष्ठा और सेवा का मार्ग दिखाते हैं। विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर आयोजित साइकिल रैली और स्वच्छता शपथ कार्यक्रम इसी भावना का प्रतीक है। स्वच्छ परिसर और स्वच्छ पर्यावरण केवल अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी राष्ट्रहित और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग है। यही हमारे विश्वविद्यालय की असली पहचान है।" इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो प्रमोद कुमार यादव ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।इस अवसर पर आयोजित साइकिल रैली में एनसीसी कैडेट्स के साथ बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से स्वच्छ परिसर, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ समाज का संदेश दिया। रैली के दौरान लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में सहायक कुलसचिव (एनसीसी) श्रीमती सरला यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्रा, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. अविनाश पार्थिडकर सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स रितेश दुबे, रवि कुमार, अदिति, विनायक, पीयूष, सूर्यांश, अंशिका सहित अन्य कैडेट्स ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एनसीएस की कार्यवाहक समन्वयक डॉ श्वेता पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

प्रकाशक, मुद्रक,स्वामी, एवं सम्पादक चन्द्र प्रकाश द्वारा,शिरीन प्रिंटिग प्रेस,भूसामंड़ी,कसाईबाड़ा,अमीनाबाद, लखनऊ से मुद्रित कराकर ३३ भगवती निवास पानदरीबा चारबाग, लखनऊ से प्रकाशित।

सम्पादक

चन्द्र प्रकाश

मो.9305619783

R.N.I.NO

UPHIN/2014/56940

समस्त वि[illegible]य ह[illegible]

ल[illegible]

पहल टुडे

सामूहिक प्रयास से पीयू नई ऊंचाइयों पर पंहुचेगा: कुलपति

पीयू का 39वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

पहल टुडे

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर का 39वां स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय परिसर में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह जी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का ऑनलाइन प्राप्त संदेश प्रस्तुत किया। कुलपति ने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा सामूहिक परिश्रम, समर्पण एवं सहयोग का परिणाम है। सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को विकास और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं सेवा तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को विश्वविद्यालय की प्राथमिकता बताया।कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने महात्मा



गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आचार्य प्रो. मानस पांडेय ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी राज नारायण सिंह एवं उनकी टीम द्वारा रामधुन प्रस्तुत की गई। एनसीसी कैडेट्स ने साइकिल यात्रा निकालकर स्वच्छता, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। अंत में मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर कोश

सामूहिक प्रयास से पीयू नई ऊंचाइयों पर पंहुचेगाः कुलपति

पीयू का 39वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

खबर कोश

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर का 39वां स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय परिसर में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह जी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का ऑनलाइन प्राप्त संदेश प्रस्तुत किया।कुलपति ने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा सामूहिक परिश्रम, समर्पण एवं सहयोग का परिणाम है। सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को विकास और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं सेवा तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को विश्वविद्यालय की प्राथमिकता बताया।कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री



के जीवन आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आचार्य प्रो. मानस पांडेय ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी राज नारायण सिंह एवं उनकी टीम द्वारा रामधुन प्रस्तुत की गई। एनसीसी कैडेट्स ने साइकिल यात्रा निकालकर स्वच्छता, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। अंत में मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पानियर

स्थापना दिवस पर साइकिल रैली, स्वच्छता का संदेश

पायनियर संवाददाता। जौनपुर



महात्मा गांधी जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो प्रमोद कुमार यादवा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि ''महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्श हमें सादगी, सत्यनिष्ठा और सेवा का मार्ग दिखाते हैं। विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर आयोजित साइकिल रैली और स्वच्छता शपथ कार्यक्रम इसी भावना का प्रतीक है। स्वच्छ परिसर और स्वच्छ पर्यावरण केवल अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी राष्ट्रहित और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग है। यही हमारे विश्वविद्यालय की असली पहचान है।'' इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो प्रमोद कुमार यादव ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित साइकिल रैली में एनसीसी कैडेट्स के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से स्वच्छ परिसर, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ समाज का संदेश दिया।